**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 26.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पुलिस अधीक्षक बांदा के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा चारपहिया वाहनों में लगी काली फिल्म** (Black Film / Tinted Glass) **के विरुद्ध चलाया गया सघन चेकिंग अभियान। साथ ही लोगों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरुक।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित कराने तथा सड़क सुरक्षा एवं आपराधिक/असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज दिनांक 26.10.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज, पुलिस उपाधीक्षक श्री पीयूष कुमार पाण्डेय व यातायात पुलिस द्वारा बांदा शहर क्षेत्र में चारपहिया वाहनों में अवैध रूप से लगी काली फिल्म (Black Film / Tinted Glass) के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें चारपहिया वाहनों मे अवैध रुप से लगी काली फिल्मों को हटवाया गया और वाहन चालकों को काली फिल्म के दुष्परिणामों व कानून प्रावधानों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया साथ ही भविष्य में किसी भी निजी या व्यावसायिक वाहनों पर मनमाने ढंग से काली फिल्म (Black Film /Tinted Glass) का प्रयोग न करने के लिए कड़ी चेतावनी भी दी गई। साथ ही साथ बताया गया कि यातायात नियमों का पालन करें जनपद में यातायात व कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें। आज अभियान के दौरान कुल 04 चारपहिया वाहनों से काली फिल्म हटवाई गई और कुल 50 हजार रुपए का चालान करते हुई कड़ी चेतावनी दी गई।